# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 29/09/2023

**SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Action India, Panipat, (Haryana)**

# अतिसंवेदनशील इलाके के विभिन्न क्षेत्रों मे पैदल मार्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**ए/194 बटालियन** रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा सुनील कुमार ( उप.कमाण्डेंट) के नेतृत्व में परिचित अभ्यास के क्रम में पांचवे दिन थाना सेक्टर-29, चाँदनी बाग, व थाना किला के थाना प्रभारी से मुलाकात की और द्रुत कार्य बल के परिचित अभ्यास के महत्व के बारे में चर्चा की इसके उपरांत थाना सेक्टर-29, चाँदनी बाग व थाना किला के क्षेत्र की भोगोलिक स्थिती व कानुन व्यवस्था, संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील इलाके तथा संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों मे पैदल मार्च किया।

इलाके के वरिष्ठ नागरिकों/समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगो व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की ताकि भविष्य में होने वाली कानून एंव व्यवस्था ड्यूटी की आशंकाओं में आसानी से तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण कर सके तथा स्थानीय पुलिस व आमजन के बीच अच्छा सामजस्य बना रहे। साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पुलिस व आमजन के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गयी। रेपिड एक्सन फोर्स ने संदेश दिया कि प्रकृति के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। हवा, पानी, भोजन, धूप सब कुछ हमें प्रकृति से ही मिलता है। बावजूद हम हरी-भरी पेड़ पौधों को काटकर प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



**जानकारी**

**गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगो व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की**

इसका खामियाजा हमें ही भुगतना पड़ेगा। जलवायु में लगातार परिवर्तन इसकी शुरूआत है। सुनील कुमार (उप.कमाण्डेंट) ने कहा कि प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है इससे बचने का एकमात्र उपाय हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। ग्लोबल वार्मिंग के इस समय में सभी लोगों को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए इस मौके पर सुनिल कुमार( उप.कमान्डेंट), सतीश कुमार( सहा.कमान्डेंट), निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक धनराज यादव, निरीक्षक रणसिंह यादव, निरीक्षक योगेन्द्र बसीठा, निरीक्षक देवकरण उप.निरीक्षक कृपा बाई, सेक्टर-29 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार व चाँदनी बाग थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार व किला थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह व आर.ए.एफ के जवान और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहें।

Amar Ujala, Panipat, (Haryana)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने अपराधों की ली जानकारी

माई सिटी रिपोर्टर

**पानीपत।** ए/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स ने उप कमांडेंट सुनील कुमार के नेतृत्व में परिचित अभ्यास के क्रम में पांचवें दिन बुधवार को थाना सेक्टर-29, चांदनी बाग व थाना किला के प्रभारी से मुलाकात की और द्रुत कार्य बल के परिचित अभ्यास के महत्व के बारे में चर्चा की।

इसके साथ ही थानों में अपराधों की स्थिति की जानकारी ली। इसके उपरांत रैपिड एक्शन फोर्स ने थाना क्षेत्रों की भोगोलिक स्थिति व कानून व्यवस्था, संवेदनशील, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों और संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया।

क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पुलिस व आमजन के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उप कमांडेंट सुनील कुमार ने कहा कि प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है और इससे बचने का एकमात्र उपाय हमें अधिक से अधिक पौधे लगाना है। ग्लोबल वार्मिंग के इस समय में सभी लोगों को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर सहायक कमांडेंट सतीश कुमार, निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक धनराज यादव आदि मौजूद रहे।



थाने में पौधरोपण करते उप कमांडेंट सुनील कुमार। पीआरओ

Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)

# ऑटोमेटिक लोडेड मल्टी सेल लॉन्चर से एक बार में कर सकते हैं छह राउंड फायर: एसआई



**करनाल** | पुलिस कर्मचारियों के लिए नई पुलिस लाइन में विभिन्न हथियारों की जानकारी के लिए कक्षा लगाई गई। यह कक्षा प्रतिदिन जिला पुलिस लाइन में दो अक्टूबर तक सुबह के समय रैपिड एक्शन फोर्स अधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगाई जाएगी। जिले में लॉ एंड ऑर्डर के लिए डीएसपी हेडक्वार्टर सुरेश कुमार और डीएसपी शहर वीर सिंह की अध्यक्षता में अल्फा और ब्रावो दो कम्पनियां बनाई गईं। दोनों कंपनियों का अभ्यास पुलिस लाइन में समय-समय पर होता रहता है। जिले में 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून परिचित अभ्यास के लिए आई हुई है। अल्फा और ब्रावो कंपनी को विभिन्न हथियारों से अवगत कराने के लिए लगातार दो अक्टूबर तक रैपिड एक्शन फोर्स की अध्यक्षता में ये कक्षा लगाई जाएगी। फोर्स के एसआई श्याम सिंह द्वारा पुलिस कर्मचारियों को मल्टी सेल लॉन्चर हथियार के बारे में अवगत कराया गया। यह हथियार ऑटोमेटिक लोडेड है, जिसकी सहायता से एक बार में छह राउंड फायर कर सकते हैं। मौके पर लाइन ऑफिसर बलवान सिंह, लाइन सीडीआई बिजेंदर सिंह, रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारी इंस्पेक्टर महिपाल सिंह, इंस्पेक्टर सनीश सिंह मौजूद रहे।

**Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)**

# रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून अभ्यास के लिए पहुंची निगदू थाना

निगदू, 27 सितम्बर (उदीप): गृह मंत्रालय एवं राकेश कुमार सिंह कमांडैंट 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के निर्देशानुसार भीम सिंह मीणा सहायक कमांडैंट के नेतृत्व में बी-194 रैपिड एक्शन फोर्स की एक प्लाटून परिचित अभ्यास हेतु निगदू पुलिस थाना पहुंची जहां पर बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स प्लाटून के 70 सदस्यों ने थाना प्रभारी रमेश चन्द से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने उपतहसील निगदू क्षेत्र में भौगोलिक स्थिति तथा यहां स्थापित महत्वपूर्ण संस्थाओं के बारे में चर्चा की और परिचित अभ्यास के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्लाटून के सदस्य गणेश मिश्रा ने बताया कि 26 सितंबर से 2 अक्तूबर तक जिले के विभिन्न थानों के संबंधित क्षेत्रों में परिचित अभ्यास कर फ्लैग मार्च निकाला जाएगा।



ग्रामीणों के साथ आर.ए.एफ. के जवान। (उदीप)

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया, वहीं संवेदनशील क्षेत्र से भयमुक्त होने के लिए पुलिस की टीम का सहयोग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निगदू पुलिस थाना एस.एच.ओ. रमेश चन्द, ए.एस.आई. सत्यावान व सुरेंद्र सिंह सहित आस-पास के क्षेत्र के गांवों के सरपंच मौजूद थे।

Amar Ujala, Karnal, (Haryana)

# आरएएफ का फ्लैग मार्च, दिया सुरक्षा का भरोसा

माई सिटी रिपोर्टर

करनाल। गृहमंत्रालय ने जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए गाइड लाइन जारी की है। इसके तहत बुधवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के सहायक कमांडेंट भीम सिंह मीणा की अगुवाई में सदर सहित कई थाना क्षेत्रों में जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

लोगों से बातचीत करके उन्होंने पूर्व में हुई घटनाओं के बारे में जानकारी ली। गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार 194 रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सहायक कमांडेंट भीम सिंह मीणा के नेतृत्व में बुधवार शाम को रैपिड एक्शन फोर्स ने सदर थाना, निगदू और थाना सेक्टर 32/33 क्षेत्र के क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान थाना क्षेत्रों के संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील इलाके और संस्थानों की जानकारी ली।



गृहमंत्रालय की गाइडलाइन के तहत लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च करते आरएएफ के जवान। संवाद

Swatantra chetna, Prayagraj, (UP)

# आरएएफ कमाण्डेन्ट ने भगवान श्री गणेश की मूर्ति विसर्जन बड़े हर्षोउल्लास के साथ किया

प्रयागराज। अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर 101 आर.ए.एफ. के अधिकारीयों एवं कर्मिकों द्वारा भगवान श्री



गणेश की मूर्ति का विसर्जन बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ किया गया।

इस शुभ अवसर पर मनोज कुमार गौतम कमाण्डेन्ट-101 आर०ए०एफ० द्वारा हवन, पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया साथ ही साथ भगवान श्री गणेश की मूर्ति की विसर्जन फाफामऊ माँ गंगा की घाट पर विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। जिसमें सभी अधिकारीगण, जवान एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे। मनोज कुमार गौतम, कमांडेन्ट-101 आर.ए.एफ. ने उक्त अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारीगण, जवानो एवं उनके परिवारजनो को अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उक्त अवसर पर प्रेमजीत कुमार द्वि० कमा० , पुनर्वसु तिवारी द्वि० कमा० ) बृजेश कुमार दुबे ( उप कमा० ) वज्र कुमार सिंह( उप कमा० , नीरज कुमार( उप कमा० , अरुण मिश्र( उप कमा० , डॉ अशोक कुमार( वाहिनी चिकित्साधिकारी )अन्य अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व महिला कर्मिक उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)

# फ्लैग मार्च का उद्देश्य पुलिस और लोगों में सामंजस्य स्थापित करना है



करनाल. शहर में फ्लैग मार्च निकालते हुए।

**असंध** | गृह मंत्रालय एवं 194 रैपिड एक्शन फोर्स कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार भीम सिंह मीणा के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स ने गुरुवार को असंध थाना, महिला थाना असंध और थाना मूनक क्षेत्र के एरिया में परिचित अभ्यास किया। इसी क्रम में थाना प्रभारियों एवं इलाके के वरिष्ठ नागरिकों/ समाजसेवियों व आमजन से बातचीत कर पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। थाना मूनक में मीटिंग में थाना प्रभारी के अलावा थाना क्षेत्र के गांवों के सरपंच ओमप्रकाश गांव मूनक, अंकित सरपंच रायपुर, संजीव सरपंच एंचेला, दलबीर व्यक्ति मौजूद रहे। सहा कमांडेंट भीम सिंह मीणा ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, आमजन से सामंजस्य स्थापित करना है। इससे भविष्य के संभावित दंगे या दंगे जैसी स्थितियों से आसानी से निपटा जा सके। इस अवसर पर भीम सिंह मीणा, निरीक्षक परजा राम, निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, शनीश, महिपाल यादव, असंध थाना प्रभारी मनोज कुमार, महिला थाना प्रभारी संतोष, मूनक थाना प्रभारी जगबीर सिंह और पुलिस थानों के जवान, 194 रैपिड एक्शन फोर्स के जवान तथा महिला टीम मौजूद रही।

Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)

# आर.ए.एफ. की टुकड़ी ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च में शामिल डी.एस.पी. संदीप सिंह, थाना प्रभारी मनोज वर्मा व सैन्य अधिकारी।

असन्ध, 28 सितम्बर (पंकेस): गृह मंत्रालय व राकेश कुमार सिंह कमांडैंट 194 रैपिड एक्शन फोर्स के निर्देशानुसार भीम सिंह मीणा (सहा. कमांडैंट) के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स ने आज तीसरे दिन थाना असन्ध क्षेत्र के एरिया में परिचित अभ्यास किया।

इसी क्रम में डी.एस.पी. संदीप सिंह, थाना प्रभारी मनोज कुमार व आमजन से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। थाना असन्ध में मीटिंग में डी.एस.पी. संदीप सिंह, थाना प्रभारी मनोज वर्मा के थाना क्षेत्र के गांवों के गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

सह कमांडैंट भीम सिंह मीणा ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस और आमजन से सांमजस्य स्थापित करना है जिससे भविष्य के संभावित दंगे या दंगे जैसी स्थितियों से आसानी से निपटा जा सके। इस परिचित अभ्यास के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के जवान व महिला टीम मौजूद रही।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।